



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## दिसम्बर-2022

### अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस कार्यक्रम

- दिनांक 23.11.2022 : अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा 'उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस' के अवसर पर, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रम में, उत्तर प्रदेश पुलिस का झण्डा फहराकर झण्डे को सलामी दी गयी।

इस अवसर पर श्री गुप्ता द्वारा झण्डे के इतिहास एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। श्री गुप्ता ने सम्बोधन में 23 नवम्बर 1952 को पुलिस लाइन्स, लखनऊ के परेड ग्राउण्ड में वार्षिक पुलिस परेड के अवसर पर भारत राष्ट्र के प्रथम प्रधान मंत्री द्वारा सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को "पुलिस ध्वज" प्रदान किये जाने का उल्लेख किया एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का सन्देश सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया। इससे पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश पुलिस का झण्डा लगाया गया।

उ0प्र0 पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे पुलिस कलर अर्थात् पुलिस ध्वज सर्वप्रथम प्रदान किया गया है। ध्वज का आकार 4 फिट लम्बा एवं 3 फिट चौड़ा है। यह दो रंगों का है, जिसमें ऊपर लाल रंग एवं नीचे की ओर नीला रंग है, मध्य में उ0प्र0 का प्रतीक चिन्ह है।







न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत सरकार | |
| 01.11.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 उपराष्ट्रपति, भारत सरकार | |
| 25.11.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| 23.11.2022 | लखनऊ |
| 05.11.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 19.11.2022 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 25.11.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| 19.11.2022 | वाराणसी |
| 01.11.2022 | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 राज्यपाल, जम्मू एवं कश्मीर | |
| 25.11.2022 | गोरखपुर |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 28.11.2022 | आगरा, मैनपुरी |
| 27–28.11.2022 | गोरखपुर |
| 25.11.2022 | फिरोजाबाद |
| 22.11.2022 | गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर |
| 15–16.11.2022 | बलरामपुर |
| 15.11.2022 | सोनभद्र |
| 13–14.11.2022 | गोरखपुर |
| 11.11.2022 | वाराणसी |
| 08–09.11.2022 | आगरा, मथुरा |
| 06.11.2022 | चन्दौली, वाराणसी, गोरखपुर |
| 05.11.2022 | गोरखपुर |
| 01.11.2022 | गौतमबुद्धनगर |

- कार्यालय सहायक रेडियो अधिकारी, गौतमबुद्धनगर में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव नन्दन को समन्वय निदेशालय, पुलिस बेतार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अन्तर राज्य पुलिस बेतार केन्द्र, जयपुर में बीजांक प्रवीणता प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया है।

## पदोन्नति

- उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 की विज्ञप्ति संख्याः 3132/6–पु–1–2022–1300(14)/2014 दिनांक 11.11.2022 द्वारा चयन वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग में निदेशक (पुलिस दूरसंचार) पद की 01 रिक्ति के सापेक्ष उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग के उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) पद से निदेशक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर प्रोन्नति के सम्बन्ध में गठित विभागीय चयन समिति की दिनांक 28.10.2022 को सम्पन्न बैठक की संस्तुति के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग में उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत श्री सुनील कुमार सिंह को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निदेशक (पुलिस दूरसंचार) के रिक्त पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है।
- उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 3133/6–पु–1–2022– 1300(14)/2014 दिनांक 11.11.2022 द्वारा चयन वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग के राज्य रेडियो अधिकारी पद से उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर प्रोन्नति कोटे में सम्भावित 01 रिक्ति के सापेक्ष गठित विभागीय चयन समिति की दिनांक 28.10.2022 को सम्पन्न बैठक की संस्तुति के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग के राज्य रेडियो अधिकारी में से मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत श्री सुनील कुमार शुक्ला को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के रिक्त पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है।
- उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 3135/6–पु–1–2022– 1300(14)/2014 दिनांक 11.11.2022 द्वारा चयन वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग के अपर राज्य रेडियो अधिकारी पद से राज्य रेडियो अधिकारी के पद पर प्रोन्नति कोटे में सम्भावित 01 रिक्ति के सापेक्ष गठित विभागीय चयन समिति की दिनांक 28.10.2022 को सम्पन्न बैठक की संस्तुति के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग के अपर राज्य रेडियो अधिकारी में से मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत निम्नांकित अपर राज्य रेडियो अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से राज्य रेडियो अधिकारी के रिक्त पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है–
  1. श्री राम निवास सिंह यादव एवं
  2. श्री राजेन्द्र कुमार।
- उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 3135/6–पु–1–2022–1300 (14)/2014 दिनांक 11.11.2022 द्वारा चयन वर्ष 2022–23 में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो सेवा संवर्ग के सहायक रेडियो अधिकारी (ज्येष्ठ वेतनमान) पद से अपर राज्य रेडियो अधिकारी के पद पर प्रोन्नति कोटे में सम्भावित 02 रिक्तियों के सापेक्ष गठित विभागीय चयन समिति की दिनांक 28.10.2022 को सम्पन्न बैठक की संस्तुति के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग के निम्न सहायक रेडियो अधिकारी (ज्येष्ठ वेतनमान) में से मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत, को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अपर राज्य रेडियो अधिकारी के रिक्त पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है–
  1. श्री महेन्द्र सिंह एवं
  2. श्री रमेश चन्द्र।
- पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–428/2022 दिनांक 21.11.2022 द्वारा निम्न प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक, यॉंत्रिकों को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 3605/कौशलेन्द्र मणि त्रिपाठी, बहराईच, 2. 3556/ओम प्रकाश मौर्य, महराजगंज, 3. 784/अरविन्द कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 4. 3607/लक्ष्मन सिंह, गाज़ियाबाद, 5. 3569/संजय कुमार पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 6. 3573/शिवेन्दु अवस्थी, उन्नाव एवं 7. 882/बलवीर सिंह तोमर, डीजीपी मुख्यालय।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 के रेडियोग्राम संख्याः डीजी–VIII–80 (01)–2022 दिनांक 18.11.2022 द्वारा चुनाव के दृष्टिगत सभी प्रकार के अवकाश को रोके जाने एवं केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–एक–(अवकाश निर्देश)2022 दिनांक 11.11.2022 द्वारा समांक पत्र दिनांक 27.01.2018 एवं 07.03.2020 का सन्दर्भ अंकित कर समस्त पुलिस अधिकारियों को सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर मुख्यालय छोड़ने हेतु निर्देशित किये जाने की व्यवस्था के बावजूद कतिपय पुलिस अधिकारी सक्षम अधिकारी से बगैर लिखित अवकाश/ अनुमति लिये ही मुख्यालय से बाहर चले जाने के दृष्टिगत समस्त पुलिस अधिकारियों को सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त होने पर ही प्रस्थान करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–निर्देश/2010 दिनांक 05.11.2022 द्वारा ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उ0प्र0 पुलिस के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा दिनांक 08.11.2022 से अग्रिम आदेश तक दिन एवं रात्रि के समय शीतकालीन वर्दी धारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)2020–100/95 दिनांक 29.11.2022 द्वारा Proceedings of the webinars on 'CVD & COVID-19; जिनका लिंक निम्नवत है, पर विषयांकित प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है– CVD: https://bprd.nic.in/WriteReadData/News/Cardio%20Vascular%20Desease.pdf
COVID-19: https://bprd.nic.in/WriteReadData/News/COVID-19%20Prevention%20Management%20and%20Control.pdf
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/ 2022 दिनांक 23.11.2022 द्वारा रेडियो मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं द्वारा प्राप्त अनुदान के सापेक्ष विभिन्न प्रकार के उपकरण/सामग्री के क्रय के सम्बन्ध में वर्तमान व्यवस्था में क्रयादेश जारी होने तथा सामग्री/उपकरण की प्राप्ति के उपरान्त प्राप्त बिल भुगतान हेतु सीधे सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन को प्रेषित किये जाने सम्बन्धी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने हेतु भविष्य में प्राप्त समस्त बिल भुगतान हेतु सम्बन्धित शाखा के प्रभारी, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के समक्ष प्रस्तुत किये जाने एवं उनके द्वारा निर्णय के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन (डी0डी0ओ0) द्वारा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः आरक्यूए(80)/2022 दिनांक 22.11.2022 द्वारा पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ के राजकीय आवासों के आवंटन के सम्बन्ध में पूर्व में पारित आदेशों को अतिक्रमित करते हुए निम्नवत आदेश पारित किये गये हैं– 1. आवास आवंटन हेतु इच्छुक राजपत्रित अधिकारी अपने आवेदन पत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय की स्पष्ट टिप्पणी/ संस्तुति के उपरान्त आवासों का आवंटन अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा किया जायेगा। 2. अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी आवास आवंटन सम्बन्धी प्रार्थनापत्र 'द्वारा उचित माध्यम', अपने पर्यवेक्षण अधिकारी की स्पष्ट संस्तुति/टिप्पणी सहित रेडियो निरीक्षक, प्रतिसार को प्रेषित करेंगे। रेडियो निरीक्षक, प्रतिसार, प्रार्थनापत्रों को प्राप्त कर तिथिवार प्राप्त क्रम में पंजीकरण करेंगे तथा आवेदक के रैंक/पदनाम के अनुसार, आवास की उपलब्धता/रिक्ति की स्थिति से अवगत कराते हुए सम्बन्धित पत्रावली पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी के रैंक/पदनाम तथा आवास की उपलब्धता/रिक्ति के अनुसार विचारोपरान्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय द्वारा आवासों का आवंटन किया जायेगा।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1 /2022 दिनांक 19.11.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में राजपत्रित अधिकारियों की हाल में हुई पदोन्नति के दृष्टिगत कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 26.07.2022 में आंशिक संशोधन करते हुए श्री सुनील कुमार शुक्ला, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, ऑपरेशन को मेरठ एवं आगरा जोन्स की संचार व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1 /2022 दिनांक 18.11.2022 द्वारा कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 14.11.2022 द्वारा कार्यहित में किये गये आदेश को अतिक्रमित करते हुए श्री सुनील कुमार शुक्ला, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, ऑपरेशन/ राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के स्थान पर श्री रवीन्द्र सिंह सैनी, राज्य रेडियो अधिकारी, प्राविधिक को राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन का दायित्व सौंपा गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/ 2022 दिनांक 16.11.2022 द्वारा कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 06.09.2022, जिसके माध्यम से महत्वपूर्ण प्रकरण में निर्णय लेने में अनावश्यक रूप से विलम्ब होने की दशा में सम्बन्धित डाक सीधे मुझे सम्बोधित किये जाने के आदेश पारित किये गये थे, के क्रम में आदेश में उल्लिखित महत्वपूर्ण प्रकरण यथा–सेवा सम्बन्धी/अनुशासनात्मक/वित्तीय/क्रय सम्बन्धी/शासन एवं पुलिस मुख्यालय से सम्बन्धित डाक के अतिरिक्त वीवीआईपी/वीआईपी ड्यूटी, मेला, महत्वपूर्ण पर्वों एवं नये उपकरणों के क्रय से सम्बन्धित पत्र अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित करते हुए प्रेषित किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/ 2022 दिनांक 14.11.2022 द्वारा वर्तमान में पुलिस रेडियो मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से सम्बन्धित पत्रावलियों के व्यवहरित किये जाने में कई स्तर हैं तथा अव्यवहारिक होने के कारण पत्रावलियों के व्यवहरित होने में अधिक समय लगता है। अतः कार्य की गति एवं सुगमता के उद्देश्य से पत्रावलियों के संचरण के सम्बन्ध में निम्नानुसार आदेश पारित किये गये है– 1. मुख्यालय सम्बन्धी शाखाओं की समस्त पत्रावलियॉ पुलिस उपमहानिरीक्षक, दूरसंचार, मुख्यालय के माध्यम से सीधे मेरे समक्ष अनुमोदनार्थ/आदेशार्थ प्रेषित की जायेंगी। 2. प्राविधिक सम्बन्धी शाखाओं की समस्त पत्रावलियॉ उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्राविधिक के माध्यम से सीधे मेरे समक्ष अनुपोदनार्थ/आदेशार्थ प्रेषित की जायेंगी। 3. ऑपेरशन सम्बन्धी शाखाओं की सामान्यतः वीवीआईपी/वीआईपी ड्यूटी/मेला महत्वपूर्ण पर्वो पर उपकरणों के वितरण एवं जनशक्ति आवंटन सम्बन्धी प्रकरण एवं अन्य पत्रावलियॉ, निदेशक, पुलिस दूरसंचार स्तर से सम्पादित किये जायेंगे। नये उपकरणों के क्रय, लाइसेंस व्यवस्थापन सम्बन्धी पत्रावलियॉ निदेशक, पुलिस दूरसंचार में माध्यम से मेरे समक्ष अनुमोदनार्थ/आदेशार्थ प्रस्तुत की जायेंगी एवं 4. प्रशिक्षण सम्बन्धी सामान्यतः पत्रावलियाँ निदेशक, पुलिस दूरसंचार के स्तर पर ही निस्तारित की जायेंगी।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी–1/ 2022 दिनांक 14.11.2022 द्वारा उ0प्र0 शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–1 के पत्र संख्याः 3133/6–पु–1–2022–1300 (14)/2014 दिनांक 11.11.2022 के अनुसार राज्य रेडियो अधिकारी से उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति पाये श्री सुनील कुमार शुक्ला को उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पद पर अग्रिम आदेश तक नियुक्त किया गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 आदेश संख्याः सीए/एडीजी–01/ 2022 दिनांक 01.11.2022 द्वारा प्रदेश के सभी जोनल अपर राज्य रेडियो अधिकारी द्वारा अपने–अपने पर्यवेक्षणाधीन जोन के जनपदों में पड़ने वाले विभिन्न त्योहारों, पर्वों, मेलों आदि के साथ–साथ वीवीआईपी/वीआईपी ड्यूटियों के सम्पादन के सम्बन्ध में संचार उपकरणों एवं जनशक्ति की अतिरिक्त माँग की प्रतिपूर्ति यथासम्भव अपने जोन के जनपदों से किये जाने तथा जो व्यवस्था वह अपने जोन के जनपदों से नहीं करा पाते हैं, उसके लिए उनके द्वारा अपने जोनल राज्य रेडियो अधिकारी से अनुरोध किये जाने तथा इसके पश्चात भी जो व्यवस्थायें उनके द्वारा सम्भव नहीं हो पा रही हैं, उसके सम्बन्ध में एक औचित्यपूर्ण माँगपत्र सीधे उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः आर–49 (एलोकेशन)/2022 दिनांक 01.11.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में वर्तमान में उपलब्ध अराजपत्रित रेडियो कार्मिकों का प्रदेश के समस्त जनपदों/इकाईयों एवं रेडियो मुख्यालय, लखनऊ में वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत राजकीय कार्य के लिए नियुक्त किये जाने हेतु पुनः व्यवस्थापन किया गया है ताकि उपलब्ध रेडियो कार्मिकों का सर्वोत्कृष्ट उपयोग कर संचार व्यवस्था का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कराया जा सके। उक्तानुसार, जनपद/इकाई में रेडियो कार्मिकों का उपयोग सुनिश्चित करने एवं कोई भी रेडियो कर्मी बिना कार्य के न रहने या अनुपयोगी शाखा/कार्य में न लगे रहने के सम्बन्ध में सर्वसम्बन्धित रेडियो अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

## कल्याण

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में नवम्बर–2022 में 86 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः पी–250/2014(पार्ट) दिनांक 16.11.2022 द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में पुलिस रेडियो विभाग के प्रभारी के रूप में नियुक्त रेडियो निरीक्षक के विस्तारित तकनीकी/राजकीय कार्यों के सुचारू एवं प्रभावी ढंग से सम्पादन हेतु 75 अदद मोटर साइकिल की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, लखनऊ को भेजा गया है।

● उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)/ राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एसआरओ(प्रशा0)–मिस/2022 दिनांक 14.11.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में कार्यरत ऐसे अराजपत्रित अधिकारी/ कर्मचारी जो अपनी सेवा सम्बन्धी कठिनाईयों एवं समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 महोदय के समक्ष उपस्थित होना चाहते हैं, वह दिनांक 15.11.2022 को उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुए उपस्थित हो सकते हैं।

- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः एआरओ(ए)–05/22 दिनांक 30.11.2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो शाखा में नियुक्त कार्मिकों को उनके द्वारा वर्ष–2022 में हुए विधान सभा चुनाव/विभिन्न वीआईपी/मेला ड्यूटियों तथा जनपदों की संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने में अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त समय देकर कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासित रहकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये जाने हेतु निर्धारित नगद पारितोषिक से पुरस्कृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से माह नवम्बर–2022 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर निम्न 16 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री मोहन सिंह, मथुरा, 2. रेडियो निरीक्षक, श्री राम बाबू, कासगंज, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मोहम्मद शब्बीर, कानपुर नगर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री धर्मराज यादव, प्रयागराज, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मुहम्मद अनीश खान, मीरजापुर, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुभाष चन्द्र मौर्य, वाराणसी, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेश श्रीवास्तव, लखनऊ, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लईक अहमद, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुनील कुमार वाधवा, वाराणसी, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उमेश कुमार सिंह, बस्ती, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ताहर सिंह, मुरादाबाद, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सूर्य नारायण, लखनऊ, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सलीम अहमद खॉ, मुरादाबाद, 14. प्रधान परिचालक/816, श्री संतोष कुमार, रेडियो मुख्यालय, 15. प्रधान परिचालक/2783, तुफैल वारिस खॉ एवं 16. संदेशवाहक, श्री शिव बहादुर सिंह, मीरजापुर।

सेवानिवृत्त हुए सभी 16 कार्मिकों को अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी।

## विविध

- उत्तर प्रदेश पुलिस पेन्शनर कल्याण संस्थान की वार्षिक बैठक दिनांक 25.11.2022 को सभागार, प्रशिक्षण केन्द्र, उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, महानगर, लखनऊ पर सम्पन्न हुई।
- पुलिस महानिदेशक, राज्य विशेष अनुसंधान दल, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्याः च–5/2022(SIT नामकरण) दिनांक 28.09.2022 द्वारा विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) उ0प्र0 का नाम "राज्य विशेष अनुसंधान दल" उत्तर प्रदेश किये जाने सम्बन्धी उ0प्र0 शासन के निर्णय से अवगत कराते हुए भविष्य में "राज्य विशेष अनुसंधान दल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ" नाम से पत्राचार किया जाना अंकित किया गया है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस "झण्डा दिवस" पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का सन्देश



**देवेन्द्र सिंह चौहान**
आई.पी.एस.

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**
पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

### सन्देश

प्रिय साथियों,

जैसा कि आप सभी अवगत है कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 'पुलिस कलर' अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।

उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये यह ऐतिहासिक महत्व का दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की अहर्निश जन–सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई उर्जा संचरित होती है, **जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।** इतिहास गवाह है कि ध्वज पताका की प्रेरणा से **'धर्म की अधर्म पर विजय'** अविस्मरणीय रही है।

आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर और अधिक प्रभावी पुलिसिंग के लिए लगातार प्रयास किये जा रहें हैं, जिसके क्रम में एक शानदार विचार की कल्पना कर, यूपी पुलिस के प्रत्येक रैंक को **प्रतीक चिन्ह** (Insignia) देने का निर्णय लिया गया। 01 नवम्बर, 2022 को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश स्तर से उत्तर प्रदेश पुलिस के **प्रतीक चिन्ह (Insignia)** का विमोचन कर सभी रैंक के पुलिस कार्मिकों हेतु प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।यह प्रतीक चिन्ह वर्दी पर धारण किया जायेगा।

**मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा,** उनके अमूल्य निर्देशन एवं **अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति** के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश को आतंकवाद, नक्सलवाद, माफिया, डकैत एवं संगठित अपराध मुक्त करते हुये एक सुरक्षित एवं समृद्ध प्रदेश का निर्माण कर जनता में सरकार का विश्वास कायम किया है।

मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश पुलिस में खिलाड़ियों को सेवायोजन का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 534 (335 पुरूष व 199 महिला) आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर **खिलाड़ियों के सेवायोजन** की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है।

महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे **'मिशन–शक्ति'** अभियान के अन्तर्गत् एण्टी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करते हुये प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारी, 'महिला हेल्पडेस्क' व साइबर क्राइम थानों पर 'महिला साइबर हेल्पडेस्क' स्थापित किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में **पी0ए0सी0 महिला पुलिस बटालियनों** की स्थापना की गयी है।

प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों आदि की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था हेतु उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (SSF), दैवीय तथा अन्य आपदाओं में राहत पहुंचाने के लिये राज्य आपदा मोचन बल (SDRF), मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (ANTF) के गठन के साथ–साथ भ्रष्टाचार के विरूद्व **'जीरो टॉलरेंस नीति'** के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन (ACO) की 08 और शाखायें बढ़ायी गयी हैं।

वर्तमान में 18 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है एवं 57 जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना से संबंधित कार्यवाही प्रचलित है। साइबर जागरूकता कैम्पेन व प्रशिक्षण कार्यक्रम को विभिन्न चरणों में चलाया जा रहा है। साइबर अपराध करने वालों के विरूद्ध एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी/भ्रामक खबरें फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की गयी है। जनशिकायतों का समाधान एवं निरन्तर संवाद द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की सोशल मीडिया ने जनता का विश्वास अर्जित किया है।

UP 112 की सेवा के माध्यम से पुलिस की गतिशीलता, रिस्पांस टाईम में सुधार तथा फुट पेट्रोलिंग के जरिये पुलिस की बढ़ती विजिबिलिटी ने अपराध नियंत्रण के साथ ही जनसंवाद को बढ़ाया है। UP 112 सेवा को वीमेन पावर लाइन 1090, जी0आर0पी0, फायर सर्विस, महिला हेल्पलाइन 181 सेवा, एम्बुलेंस सेवा 108 व उ0प्र0 राज्य परिवहन हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किया गया है।

निष्पक्ष कार्य करने की स्वतंत्रता एवं संस्थागत सुधारों ने पुलिस के मनोबल में अभूतपूर्व वृद्धि की है। इन सब उपायों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में समस्त जघन्य अपराधों की अपराध–दर में उल्लेखनीय कमी आयी है।

अन्त में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर आप सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनायें देते हुए मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप सभी इस गौरवशाली अतीत की गरिमामयी उपलब्धि का गौरव बनाये रखेंगे और अपनी संवेदनशील व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं उच्चस्तर की व्यावसायिक दक्षता से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते रहेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नये आयाम स्थापित होते रहें।

जय हिन्द!

16/11/2022
**(देवेन्द्र सिंह चौहान)**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।